

# फीफा में चार बड़े धमाके

विश्वकप का बड़ा उलटफेर न्यू जर्सी (अमेरिका) 26 जून मुश्किल हालात में एक गोल से पिछड़ने के बावजूद इक्वाडोर ने विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर कर जर्मनी पर 2-1 से अहम जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली. सेबेस्टियन बेकासेसे की टीम की शुरुआत बहुत खराब रही, जब लेरॉय साने ने सिर्फ़ दो मिनट में जर्मनी को एक गोल से आगे कर दिया, लेकिन इक्वाडोर ने जल्द ही वापसी की. नौवें मिनट में निल्सन अंगुलो ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. अंगुलो ने दूर से एक शानदार शॉट मारकर न्युअर को छकाते हुए गोल किया. हालांकि, इक्वाडोर के लिए ड्रॉ काफी नहीं था, क्योंकि उन्हें पता था कि टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने से बचने के लिए जीत जरूरी है, और तीन पॉइंट हासिल करने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ी. और आखिरकार 77वें मिनट में अहम सफलता मिली, जब रोड्रिगेज के हेडर से गेंद प्लाटा के पास पहुंची और उन्होंने न्युअर को छकाते हुए गोल करके अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया. मैच शुरू होने से पहले इक्वाडोर ने इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं किया था और अब तक सबसे कम शॉट लगाए थे. हार के बावजूद, जर्मनी अपने शुरुआती दो मैच जीतने के कारण ग्रुप ई में शीर्ष पर बनी हुई है.

**फीफा ग्रुप स्टेज अंक तालिका**

| | |
|---|---|
| **ग्रुप डी** | |
| 4अमेरिका | 6 अंक |
| 4ऑस्ट्रेलिया | 4 अंक |
| 4पराग्वे | 4 अंक |
| 4तुर्की | 3 अंक |
| **ग्रुप इ** | |
| 4फ्रांस | 6 अंक |
| 4नॉर्वे | 6 अंक |
| 4सेनेगल | 0 अंक |
| 4इराक | 0 अंक |
| **ग्रुप एफ** | |
| 4नीदरलैंड्स | 7 अंक |
| 4जापान | 5 अंक |
| 4स्वीडन | 4 अंक |
| 4ट्यूनीशिया | 0 अंक |



जापान और स्वीडन 1-1 से ड्रॉ के बाद राउंड ऑफ 32 में पहुंच गए टेक्सास (अमेरिका) 26 जून फीफा विश्वकप के ग्रुप एफ मुकाबले में जापान और स्वीडन ने 1-1 गोल के ड्रा के साथ टूर्नामेंट के नॉकनाउट चरण में जगह बना ली है. डलास स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में पहला हॉफ गोल रहित रहने के बाद जापान के लिए डेजन माएदा ने 56वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई. छह मिनट बाद स्वीडन ने जवाबी हमला किया. एंथोनी एगंला गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. इसके बाद दोनों टीमें मैच विजयी गोल करने में विफल रही और मुकाबला 1-1 से ड्रा पर समाप्त हुआ. इस ड्रा के साथ दोनों टीमों ने राउंड ऑफ 32 में क्वालीफाई कर लिया. दूसरे स्थान पर रहने के कारण जापान राउंड ऑफ 32 में ब्राजील से भिड़ेगा, जबकि ग्रुप विजेता नीदरलैंड्स का सामना मोरक्को से होगा.



## तुर्की ने अमेरिका को 3-2 से हराया कैलिफोर्निया

विजयी गोल की बदौलत तुर्की ने फीफा विश्वकप 2026 में ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में अमेरिका की टीम पर 3-2 से जीत दर्ज की. इंग्लवुड के सोफी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में अमेरिकी की टीम को पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी तुर्की टीम से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा. मैच के आखिरी मिनट में कान आयहान के गोल की बदौलत तुर्की ने जीत हासिल की. अमेरिका पहले ही नॉकआउट चरण में पहुंच चुका अमेरिका के लिए ऑस्टन ट्रस्टी ने तीसरे मिनट में और सेबस्टियन बर्हाल्टर 49वें मिनट में गोल किये. वहीं तुर्की की ओर से अर्दा गुलेर, ओरकुन कोकुकु और कान आयहान ने एक-एक गोल दागे. टूर्नामेंट के इस चरण में हार के बावजूद, अमेरिका की टीम अपने ग्रुप में शीर्ष पर रही और राउंड ऑफ 32 में उनका सामना बोस्निया-हर्जेगोविना से होगा. वहीं, जीत के साथ तुर्की का विश्व कप अभियान समाप्त हो गया.

## ट्यूनीशिया को 3-1 से हराकर नीदरलैंड्स ग्रुप एफ में शीर्ष पर



ट्यूनीशिया को 3-1 से हराकर नीदरलैंड्स ग्रुप एफ में शीर्ष के साथ नॉकआउट में पहुंचा कैनसस सिटी, 26 जून नीदरलैंड्स ने फीफा विश्वकप 2026 में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में ट्यूनीशिया को 3-1 से हराकर ग्रुप एफ में शीर्ष पर जगह बना ली है. इस जीत के साथ नीदरलैंड्स् राउंड ऑफ 32 में पहुंच गया. मुकाबले की शुरुआत के तीसरे मिनट में नीदरलैंड्स को बढ़त तब मिली जब ट्यूनीशिया के कप्तान ने डमफ्रीज के राइट-विंग सेंटर को गलती से अपने ही नेट में डाल दिया (ओन-गोल). कोमैन की टीम के लिए स्थिति और बेहतर हो गई जब वैन डिज्क ने रेजेंडर्स की फ्री-किक को ब्रोबे की तरफ बढ़ाया, जिन्होंने चार मिनट बाद बैक पोस्ट पर गोल कर दिया. ब्रेक के बाद ट्यूनीशिया ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे हाफ के नौवें मिनट में एक गोल किया; हैनिबल के राइट-विंग कॉर्नर को मास्तूरी ने गोलकीपर वर्ब्रुगन को छकाते हुए नेट में गेंद को डाल दिया. हालांकि, 62वें मिनट में डच टीम ने अपनी दो गोल की बढ़त फिर से हासिल कर ली; रेजेंडर्स के कॉर्नर को वैन हेके ने हल्का सा टच किया (बेन स्लिमेन से टकराकर दिशा बदली) और गेंद टॉप-राइट कॉर्नर में चली गई. इस नतीजे के साथ नीदरलैंड्स राउंड ऑफ 32 में पहुंच गया है, जहां उनका मुकाबला मोरक्को से होगा. ट्यूनीशिया के लिए वर्ल्ड कप का सफर निराशाजनक रूप से खत्म हुआ. उन्होंने 10 शॉट लिए, जिनमें से चार टारगेट पर थे. वहीं, नीदरलैंड्स ने 20 शॉट लिए, जिनमें से सात टारगेट पर थे.

## श्रीलंका ने टेस्ट मैच के पहले दिन बनाये 308 रन

**नॉर्थ साउंड, 26 जून धनंजय डीसिल्वा (120), दिनेश चांदीमल (54) और सोनल दिनुशा (43) की शानदार पारियों के दम पर श्रीलंका पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज के खिलाफ 308 रन बनाकर ऑलआउट हो गई.**



वेस्टइंडीज ने गुरुवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये. पथुम निसंका (दो), निशान मदुश्का (23) और कामिंडु मेंडिस (शून्य) पर आउट हुए. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये धनंजय डीसिलवा ने निदेश चांदीमल के साथ पारी को संभाला.

## ध्रुव जुरेल का विराट शतक, भारत ए ने 452 पर पारी घोषित की

**गाल.** कप्तान ध्रुव जुरेल (नाबाद 141) के विराट शतक से भारत ए ने श्रीलंका ए के खिलाफ पहले गैर अधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को छह विकेट पर 452 रन का विशाल स्कोर बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी. श्रीलंका ए ने इसके जवाब में दो विकेट पर 113 रन बना लिए हैं और वह अभी भारत ए के स्कोर से 339 से पीछे है. भारत ए ने कल के चार विकेट पर 333 रन से आगे खेलना शुरू किया. जुरेल ने नाबाद 68 रन और शेख रशीद ने नाबाद 53 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया.

## रिकॉर्ड : सिंधुश्री ने जीता गोल्ड मेडल

**भुवनेश्वर, 26 जून अनिमेष कुजूर ने गुरुवार को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता और साथ ही आगामी आइची-नागोया एशियन गेम्स के लिए क्वालिफिकेशन भी हासिल किया.**



कुजूर ने पहले हीट्स में 20.87 सेकंड का समय लेकर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के एशियन गेम्स क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड (20.88 सेकंड) को पार किया और फिर फाइनल में 20.74 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया. डोंडापति मृत्युम जयराम (20.97 सेकंड) दूसरे और जिष्णु प्रसाद पीके (21.18 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहे. अनिमेष कुजूर के नाम 200 मीटर में 20.32 सेकंड का नेशनल रिकॉर्ड है, जो उन्होंने पिछले साल एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था.

महिलाओं के 200 मीटर फाइनल में, हरिता भद्रा ने 23.14 सेकंड का समय लेकर गोल्ड मेडल जीता. उन्नति अयप्पा बोल्लांडा 23.40 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि प्रकृति रूपा राव बी ने 23.58 सेकंड का समय लेकर ब्रॉन्ज मेडल जीता. महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में सिंधुश्री जी ने रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता और 4.25 मीटर की नई राष्ट्रीय रिकॉर्ड छलांग के साथ 4.10 मीटर के एशियाई खेलों के क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को आसानी से पार किया.



## बिट्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका विजयी

**114 रन की पारी खेली**

**ब्रिस्टल, 26 जून: तेंजमिन बिट्स की नाबाद 114 रनों की तूफानी शतकीय पारी और अयाबोंगा खाका की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने महिला टी-20 विश्व कप के 24वें मुकाबले में नीदरलैंड्स को 88 रनों से करारी शिकस्त दी.**

इस शानदार जीत के साथ दक्षिण अफ्रीकी टीम ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली, जबकि बिट्स को उनकी मैच जिताऊ पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया. टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेंजमिन बिट्स ने पहले विकेट के लिए 121 रनों की शानदार साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई. वुलफार्ट ने 36 गेंदों में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाए. उनके आउट होने के बाद एनरी डर्कसन ने बिट्स का बेहतरीन साथ निभाया और दोनों ने अंतिम ओवरों में तेज बल्लेबाजी करते हुए स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया.

> 209 रन के कठिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत ठीक रही और फ़ीबी मोल्केनबोअर तथा सान्या खुराना ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े. मोल्केनबोअर ने 41 और खुराना ने 36 रन बनाए, जबकि स्टेरे कालिस ने 26 रन का योगदान दिया.

## टी20 में धोनी के नाम पर उमड़ी भीड

**रांची, 26 जून झारखंड टी 20 लीग का पहला फ़ाइनल क्रिकेट के साथ-साथ भीड़ प्रबंधन की भी एक बड़ी परीक्षा बन गया. मंगलवार की शाम रांची के जेएससीए स्टेडियम के बाहर करीब डेढ़ घंटे तक ऐसे हालात बने, जब 38 हजार दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम पूरी तरह भर चुका था और बाहर भी लगभग इतने ही लोग प्रवेश का इंतज़ार कर रहे थे.**



कई गेटों पर दबाव लगातार बढ़ रहा था, कुछ लोग दीवारें फांदकर भीतर जाने की कोशिश कर रहे थे और साउथ गेट पर भीड़ के धक्के में कई महिलाएं गिरकर घायल हो गई. हालांकि इस दुर्घटना के परिणामों को सीमित करने की कहानी भी काफ़ी अलग है. कुछ दिन पहले तक तस्वीर बिल्कुल अलग थी. राज्य में पहली बार फ़्रेंचाइज़ी आधारित क्रिकेट लीग का आयोजन हो रहा था और उद्घाटन समारोह ने उम्मीद से कहीं ज़्यादा उत्साह पैदा किया था. महेंद्र सिंह धोनी कई घंटों तक स्टेडियम में मौजूद रहे.

## प्रो बॉक्सिंग लीग में महिलाओं पर लगी सबसे बड़ी बोली

**दिल्ली.** प्रो बॉक्सिंग लीग में इस बार सबसे अधिक मांग प्रीति, कोमलप्रीत कौर, रानी देवी, पर्व, प्रवीण कुमार, हनी ओलिवान, यशपाल और रॉबिन सिवाच की रही. इस साल आंध्र प्रदेश और संगरूर में सिल्वर मेडल जीतने वाली प्रीति को पंजाब पिंड पहलवान ने सबसे बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया. इस साल बनारस ट्रॉफी में गोल्ड जीतने वाली रानी देवी पर मुम्बई मुक्केबाजी टीम ने सबसे बड़ी बोली लगाई. यह लीग छह से दस जुलाई तक यहां तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी.

## जम्मू-कश्मीर एसोसिएशन के अध्यक्ष जाविद निलंबित

**जम्मू, 26 जून. जम्मू और कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) की एपेक्स काउंसिल ने जेकेसीए के संविधान के तहत पास किए गए एक प्रस्ताव के जरिए अपने अध्यक्ष जाविद अहमद किताब को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**




आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह फैसला गंभीर शिकायतें और सबूत मिलने के बाद लिया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि किताब ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन भरते समय गलत जन्मतिथि दी, ऐसे सार्वजनिक बयान दिए जिनसे ज्यूडिशियरी की गरिमा और आज़ादी को नुकसान पहुंच सकता है, जेकेसीए के कामकाज और प्रबंधन में रुकावट डाली, कर्मचारियों की सैलरी देने में देरी की.

**विंबलडन 2026** ▶ दूसरे राउंड में एलेक्जेंड्रा एला से हो सकता है सामना

## सेरेना वापसी पर माया जॉइंट का करेंगी सामना

**लंदन, 26 जून सेरेना विलियम्स अगले हफ्ते विंबलडन में अपनी वापसी के पहले राउंड में दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी माया जॉइंट के ख़िलाफ खेलेंगी.**



सात बार की महिला सिंगल्स चैंपियन को विंबलडन 2026 के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया है, जिससे वह चार साल दूर रहने के बाद 44 साल की उम्र में वापसी कर रही हैं. अमेरिकी सुपरस्टार विलियम्स ड्रॉ के निचले हिस्से में हैं और इसलिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय जॉइंट के ख़िलाफ़ अपना अभियान शुरू करेंगी, जो पिछले साल पहले राउंड में हार गई थीं और अपने पिछले 14 मैचों में से सिर्फ़ एक ही जीत पाई हैं. अगर विलियम्स जॉइंट को हरा देती हैं, तो दूसरे राउंड में उनका सामना उभरती हुई फिलीपींस की स्टार एलेक्जेंड्रा एला से हो सकता है, जो 29वीं सीड हैं और मेक्सिको की रेनाटा ज़ाराज़ुआ के ख़िलाफ़ खेलेंगी.

> पुरुषों के ड्रॉ में, दुनिया के नंबर 1 और मौजूदा चैंपियन जानिक सिनर अपने शुरुआती मैच में सर्बिया के दुनिया के 51वें नंबर के खिलाड़ी मियोमिर केकमानोविच का सामना करेंगे. इटली के इस खिलाड़ी नेअपने पिछले चारों मुकाबलों में जीत हासिल की है, जिसमें 2024 चैंपियनशिप का मैच भी शामिल है.

## इंग्लैंड ने घोषित की टी-20 टीम

**लंदन.** टीम इंडिया अगले महीने इंग्लैंड का दौरा करने वाली है. इस टूर पर भारत को पांच टी 20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है. 1 जुलाई से शुरू हो रही टी 20 सीरीज के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 17 खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी है. टीम की कमान हैरी ब्रूक को सौंपी गई है. खास बात ये है कि इस टीम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तीन खिलाड़ियों को भी जगह मिली है. भारत के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज टी20 सीरीज के लिए चुनी गई इंग्लैंड टीम में आरसीबी के तीन स्टार प्लेयर्स शामिल हैं.

## न्यूजीलैंड ने 4 विकेट पर बनाये 361 रन

**नॉटिंघम, 26 जून कप्तान टॉम लैथम (151) और डेवोन कॉन्वे (157) की शतकीय पारियों और दोनों बल्लेबाजों के बीच रिकॉर्ड 317 रनों की ओपनिंग साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंम्स के समय चार विकेट पर 361 रन बना लिये है.**




न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले इंग्लैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों बल्लेबाजों ने संभलकर खेलते हुए तेजी के साथ रन बटोरे. इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने अपने शतक पूरे किये. 73वें ओवर में न्यूजीलैंड का पहला विकेट टॉम लैथम के रूप में गिरा. उन्हें बने स्टोक्स ने आउट किया. लैथम ने 214 गेंदों में 15 चौके की मदद से (151) रनों की पारी खेली. अगले ही ओवर में जो रूट ने डेवोन कॉन्वे को अपना शिकार बना लिया. कॉन्वे ने 224 गेंदों में 22 चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए (517) रनों की पारी खेली. इसके बाद न्यूजीलैंड की पारी लड़खड़ा गई और उसने दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपने दो और विकेट गंवा दिये. रचिन रविंद्र